Million बार शुक्रिया | By Prashant Suryavanshi

बाबा ने मेरे वास्ते क्या कुछ नहीं किया
सौ बार शुक्रिया तेरा सौ बार शुक्रिया
Hundred बार शुक्रिया तेरा Million बार शुक्रिया
हारे हुए भगतों का सहारा है सांवरा
हर कोई कह रहा है हमारा है सांवरा

जो इसकी धुन में राम गया इसका ही हो गया
आया ना कोई खाली हाथ वो दरबार जो गया
दातारों का दातार है प्यारा है सांवरा
हर कोई कह रहा है हमारा है सांवरा

नटवर है नन्दलाल है वो नन्द किशोर है
गोकुल में क्या वृन्दावन में वो चारों और है
खाटू में अपना भक्त उतारा है सांवरा
हर कोई कह रहा है हमारा है सांवरा

कल तक जो मुझसे बात करते न थे कभी
मिलने लगे हैं आज मुझसे प्यार से सभी
सबकी नज़र में मुझको उभारा है सांवरा
हर कोई कह रहा है हमारा है सांवरा

प्रशांत गा रहा है विजय लिख रहा भजन
जिनको देखो इनके ही भजन में है मगन
ये मैं नहीं गाता गवा रहा सांवरा
हर कोई कह रहा है हमारा है सांवरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/million-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-prashant-suryavanshi/